Title: Requested to open the Jhobwara bridge for the use of public and to complete the work of other incomplete bridges in Jaipur to facilitate road transport in the city.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : मान्यवर अध्यक्ष महोदय, जयपुर शहर में यातायात की समस्या का समाधान करने के लिए रेलवे विभाग के सहयोग से चार पुल बनाये जा रहे हैं, लेकिन अभी तक चारों पुलों का काम बहुत धीमा है और केवल एक पुल, जो झोटवाड़ा का पुल कहलाता है, जिसके दूसरी ओर बस्ती में लगभग आठ लाख व्यक्ति रहते हैं, निवास करते हैं, का निर्माण कार्य पूरा हुआ है। उस पुल का उदघाटन न होने के कारण, वह पुल तो बन गया, लेकिन पुल चालू नहीं हुआ, इस कारण से जयपुर के लोगों को बहुत बड़ी कठिनाई हो रही है। मेरा निवेदन है कि झोटवाड़ा का पुल शीघ्र प्रारम्भ किया जाये और जो शेष पुल अधूरे रह गये हैं, उनको भी पूरा किया जाये। जयपुर शहर में जहां-कहीं भी यातायात की समस्या को हल करने के लिए और पुलों को बनाने की आवश्यकता है, वहां पर भी शीघ्र पुल बनाये जायें। यह मेरा आपके द्वारा निवेदन है, बहुत-बहुत धन्यवाद।